खाद्य विभाग की टीम ने नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री पर मारा छापा, सेंपल जाँच के लिए भेजे



Gwalior News : ग्वालियर में खाद्य विभाग की एक टीम ने एक फैक्ट्री पर मार कार्रवाई कर नकली देशी घी जैसा पदार्थ बरामद किया है, हालाँकि फैक्ट्री मालिक ने इसे घी कहने से इंकार किया है, उन्होंने बताया कि वे घी नहीं बनाते, ये माइल्ड फेट है उनके पास इसे बनाने का लाइसेंस है। ग्वालियर पुलिस को रानीपुरा क्षेत्र में एक फैक्ट्री में नकली घी बनाने की सूचना मिली थी, पुलिस ने इस सूचना पर खाद्य विभाग को सूचित किया, उसके बाद खाद्य विभाग की टीम ने छापा मार कार्रवाई की, उसे वहां बड़ी मात्रा मे रैपर, खाली डिब्बे, ढक्कन और कुछ तैयार माल भी मिला।

Source: https://mpbreakingnews.in/madhya-pradesh/gwalior/gwalior-food-department-team-raid-fake-making-ghee-factory-sent-samples-for-testing-11-701083